आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# रांची स्मार्ट सिटी मिशन के शहरों में सेकेंड टॉपर

## राज्यों की श्रेणी में झारखंड बना फिर नंबर वन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** देश के 100 स्मार्ट शहरों में हो रहे विकास कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर होनेवाली लाइव रैंकिंग में रांची ने बड़ी छलांग लगायी है और पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वही स्मार्ट सिटी वाले शहरों में विकास के आधार पर केंद्र द्वारा जारी संबंधित राज्यों की रैंकिंग में झारखंड को देश भर में अव्वल स्थान प्राप्त हुआ है। रांची के धुर्वा क्षेत्र में विकसित हो रहे स्मार्ट सिटी में आधारभूत संरचना के विकास का कार्य तेजी से चल रहा है।

**रैंकिंग में प्राप्त अंक :** इस रैंकिंग में 350 अंकों में रांची को 324.48 अंक प्राप्त हुआ है। वही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गुजरात के शहर सूरत को 335.79 अंक मिला है। राज्यों की श्रेणी में झारखंड को 350 अंकों में 324.48 अंक प्राप्त हुआ है।

**सीइओ ने सीएम-विभागीय सचिव को दिया श्रेय :** सीइओ अमित कुमार ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय है। कोशिश है कि जो प्लॉट्स ऑक्शन किये जा रहे हैं, उसे पर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विकास विकास सचिव विनय कुमार चौबे के दिशा निर्देश में शहर का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। आधारभूत संरचना का कार्य जल्द पूरा हो जायेगा।

### आधारभूत संरचना का कार्य अंतिम चरण में

स्मार्ट सिटी के तहत आधारभूत संरचना विकसित करने का कार्य अंतिम चरण में है। इसके तहत विकसित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 2021 में ही पूर्ण हो चुका है और यह योजना पूर्ण रूप से कार्य कर रही है। इसके तहत रांची में ट्रैफिक मैनेजमेंट, निगरानी जैसे कार्य से शहरवासियों को लाभ मिल रहा है।

## पत्थर कारोबारी की जमानत पर सुनवाई पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता एस नागामुद्दू और हाइकोर्ट के अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की। दरअसल, 5 जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद इडी ने उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया था। इडी ने समन भेज कर 5 जुलाई को रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय बुलाया था। एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी की टीम ने कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साहा को सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक में खनन किया गया है। इडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साहा की खान में अवैध खनन जारी रहा। इसकी जानकारी इडी को मिली, जिसके बाद ही इडी ने उसे गिरफ्तार किया था।

### कुरमाली भाषा सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा

# कुरमाली अत्यंत समृद्ध भाषा है

**गीत भी नारी सशक्तिकरण को लेकर काफी सजग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कुरमाली भाषा सम्मेलन में गुरुवार को चार विषय पर आलेख प्रस्तुत किये गये। पहले सत्र में डॉ गीता कुमारी सिंह ने कुरमाली की परंपरागत लोकगीत पर आलेख प्रस्तुत किया। सहायक प्राध्यापक प्रो सुबास चंद्र महतो ने समाज और संस्कृति में पाये जाने वाले गीतों में नातेदारी, नंदकिशोर महतो ने गीतों पर प्रकृति चित्रण विषय पर विचार रखे। इस सत्र के अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने बताया कि कुरमाली एक अत्यंत समृद्ध भाषा है।

मारवाड़ी कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ वृंदावन महतो ने समाज और संस्कृति में पाये जाने वाली खेल गीत पर चर्चा की। डॉ मानसिंह महतो, प्राध्यापिका नीलु कुमारी, डॉ परमेश्वरी प्रसाद ने कहा कि यह कुरमाली गीत नारी सशक्तिकरण को लेकर पहले से ही काफी सजग और जागृत है। विष्णुपद महतो ने भाषा साहित्य के विकास के लिए आधुनिक संचार माध्यम का सहारा लेने पर जोर दिया।

**इनकी रही मौजूदगी :** साहित्य अकादमी के एन सुरेश बाबू, विश्वजीत राय, प्रो केशरी लाल वर्मा, रतन कुमार महतो, डॉ मानसिंग महतो, अशोक पुराण, रुपेश कुशवाहा, सत्येंद्र साहू, सुचित राय समेत अन्य उपस्थित थे।

### इन्होंने भी प्रस्तुत किया आलेख

डॉ रितेश कुमार महतो, सहायक प्राध्यापक डॉ निताई चंद्र महतो ने कहा कि कुरमाली भाषा को देश के आठवीं सूची में लाने के लिए और भी कई पत्रिका विभिन्न क्षेत्रों से निकालने की आवश्यकता है। अशोक कुमार पुराण ने लोक नृत्य पर आलेख पाठ प्रस्तुत किया। दो पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ।

## श्यामा प्रसाद विवि में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ इएलएल में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर नये सत्र के छात्रों के लिए ओरियेंटेशन प्रोग्राम हुआ। छात्रों को मेजर, माइनर, वैल्यू एडेड कोर्स, कॉमन कोर्स, एबिलिटी इनहंसमेंट कोर्स, स्किल इनहंसमेंट कोर्स, समर इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि वे अभी से अपनी दिशा तय कर सकें। साथ ही उच्चतर शिक्षा की ओर अग्रसर हों।

इसमें को-ऑर्डिनेटर डॉ विनय भरत, शिक्षिका श्वेता गौरव, सौरभ मुखर्जी, कर्मा कुमार, शुभांगी रोहतगी, और रंजना कुमारी ने छात्रों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर विभाग के सत्र 2024-28 के 250 छात्र उपस्थित थे।

## महानगर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने आंबेडकर को याद किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि कोकर में मनायी गयी। मुन्ना टेंट हाउस में चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व माल्यार्पण किया गया। साथ ही उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान, अजय भगत, सूरज कुमार पासवान, विनय कुमार, बंसत पासवान, प्रकाश राम, गणेश पासवान, शिव पासवान, भोला पासवान, संजय राम, बंटी राज, सूरज राम, विशाल राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन के रूझान की पहचान पर फोकस

**विचार गोष्ठी में सरला बिरला के कुलपति ने लिया हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु के तत्वावधान में जेआरडी टाटा सभागार में द क्रिटिकल रोल ऑफ पॉलिसी इनफोर्समेंट इन अचीविंग एयर क्वालिटी एंड मिनिमाइजिंग हेल्थ रिस्क विथ रेफरेंस टू इंडियन कंडीशंस विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने देश में वायु की गुणवत्ता से संबंधित दिशा निर्देश, विभिन्न नियमावली और इस पर अमल के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्रो पाठक ने व्यापक शोध और पूर्वानुमानों के अलावा जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन और इस पर आधारित रुझान की पहचान पर जोर दिया। इस अंतरराष्ट्रीय गोष्ठी में देश-विदेश के कई जाने माने शिक्षाविद शामिल हुए। गोष्ठी का आयोजन आइआइटी दिल्ली, कानपुर, मुम्बई, चेन्नई और खड़गपुर की ओर से किया गया। इसे लेकर प्रति कुलाधिपति बिजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने अपनी शुभकामना प्रेषित की।

## दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका पर सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ इडी और सीबीआइ में चल रहे मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर दायर दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दायर कर मधु कोड़ा, भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह, विनोद कुमार सिन्हा, दिलीप जोशी समेत अन्य के खिलाफ दर्ज केस के जल्द निष्पादन का अनुरोध किया गया।

अदालत ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका के आलोक में इडी, सीबीआइ और राज्य सरकार समेत अन्य प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की अगली सुनवाई डेढ़ महीने बाद होगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी जनप्रतिनिधियों के मामले की सुनवाई त्वरित गति से करने का निर्देश दिया है।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पर संकट के बादल

**16-17 दिसंबर को होनी है परीक्षा, अब तक एडमिट कार्ड जारी नहीं**

**परीक्षा केंद्र और सीट मैट्रिक्स की जानकारी में देरी के कारण बढ़ी परेशानी**

**आजाद सिपाही संवाददात**




**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा संशय में है। जेएसएससी ने 16-17 दिसंबर को परीक्षा लेने की घोषणा की थी। परीक्षा में केवल 10 दिन ही शेष है, लेकिन एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है। इस परीक्षा के लिए लगभग 6.50 लाख छात्र परीक्षा देंगे। इस कारण परीक्षा आयोजन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार झारखंड के आठ जिलों ने परीक्षा केंद्र की जानकारी देरी से दी। नौ जिलों ने सीट मैट्रिक्स की जानकारी दी ही नहीं। इसकी जेएसएससी ने कार्मिक प्रशानिक सुधार के सचिव को पत्र लिख कर जानकारी भी दी थी। पत्र 25 नवंबर को लिखा था। जेएसएससी के अनुसार, सीट मैट्रिक्स मिलने के बाद परीक्षा कराने वाली एजेंसी को परीक्षा संबंधित काम करने में और परीक्षा आयोजन कराने में लगभग दो महीने का समय लग जाता है। सेंटर पक्का होने के बाद प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका और अटेंडेंस पेपर सारे सेंटरों तक ले जाने और अन्य प्रकार के काम करने होते हैं।

### विवादों में रही हैं कई परीक्षाएं

जेएसएससी की कई परीक्षाएं विवादों में रही हैं। हाल में हुई नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा विवादों के घेरे में है। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने पांच सेंटरों में प्रश्न पत्र का सील खुला रहने की आरोप लगाया था, हालांकि इसकी जांच चल रही है।

## आरोपित थाना प्रभारी को हटा कर जांच हो: महेश्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि नैसर्गिक न्याय का तकाजा है कि पद पर बैठे कोई पदाधिकारी पर आरोप लगाया गया है, तो जांच चलने तक उस पदाधिकारी को हटा दिया जाता है, ताकि वह पदाधिकारी जांच को प्रभावित न कर सके। इसके बावजूद अफसोस की बात है कि भदानीनगर थाना प्रभारी को अब तक हटाया नहीं गया है और उन पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। ऐसे में सच्चाई की जांच हो पाना संदिग्ध ही रहेगा। श्री साहु ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि कुछ दलालों, कोयला के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों का थाना प्रभारी को कोपरेट मिल रहा है। पतरातू थाना की पुलिस केस नंबर 205-23 से जुड़े तथ्यों, लोगों को प्रभावित कर रही है। अगर यह सच है तो इससे आने वाले दिनों में पुलिस प्रशासन के लिए संकट ही खड़ा होगा। वैश्य मोर्चा एक-दो दिनों में राज्यपाल को इस संदर्भ में मांग पत्र देगा।

### सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में सरकार से मांग की

# पल्स हॉस्पिटल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाया जाये

**भ्रष्टाचार के पैसे से बनाया गया हैं पल्स हॉस्पिटल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में इडी द्वारा जब्त पल्स अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाने की मांग की। साथ ही यह भी मांग की कि यहां सीजीएचएस के तहत गरीबों के उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जाये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीरो टॉलरेंस पर सरकार चलाने की गारंटी देश को दी थी। वह गारंटी विगत नौ वर्षों में पूरी होती दिखी है। इसी का परिणाम रहा कि इडी ने झारखंड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने वालों को पकड़ा है। उनकी संपत्तियां जब्त की हैं। इन्हीं संपत्तियों में एक संपत्ति है भ्रष्ट आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल द्वारा संचालित पल्स अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर। इसे इडी ने अपने कब्जे में लेकर सरकार को दे दिया है।

सांसद ने कहा कि यह झारखंड का एक अत्याधुनिक निजी अस्पताल है, जहां हृदय, किडनी, लिवर रोग, दिमाग से संबंधित रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

श्री सेठ ने सदन में कहा कि भारत सरकार से आग्रह है कि इस अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाया जाये। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जाये कि यहां सीजीएचएस के तहत सस्ते दर पर आम लोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। ऐसा करने से रांची लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड की जनता को इलाज के लिए एक बेहतर विकल्प मिल सकेगा। इसके साथ ही रिम्स की कुव्यवस्था से पीड़ित रहने वाले मरीजों के लिए भी राहत की बात होगी।

### दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में पूछे सवाल

# औद्योगिक विकास के लिए 28,400 करोड़ की योजना: मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय से जम्मू-कश्मीर में रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास से संबंधित ब्योरा मांगा। श्री प्रकाश ने जानना चाहा कि जम्मू कश्मीर में रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के लिए केंद्र सरकार क्या कदम उठा रही है। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कई उपाय किये गये हैं। उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार योजनाओं का कार्यान्वयन किया गया है। वर्ष 2021-22 से अब तक 7.4 लाख स्वरोजगार, आजीविका के अवसर उत्पन्न सुदृढ़ हुए हैं। बताया कि परिवहन क्षेत्र सहित व्यापार इकाइयों की स्थापना और सतत आजीविका वाली परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 'मिशन यूथ' के तहत 'मुमकिन', 'तेजस्वनी' और उद्यमिता को बढ़ाने जैसी नयी योजनाओं का शुभारंभ किया गया है। जिला स्तर पर रोजगार मेला और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किये गये। पिछले दो वर्षों में 151 रोजगार मेला का आयोजन हुआ। इसमें 1631 कंपनियों ने भाग लिया। अगस्त 2019 से अब तक सरकारी क्षेत्र में कुल 31,830 रिक्तियां (बैंक सहित) भरी गयी हैं। भारत सरकार ने 28,400 करोड़ के व्यय से जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए एक नयी केंद्रीय क्षेत्र योजना अधिसूचित की गयी है। निवेश बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिला है।

## हाइकोर्ट ने जगन्नाथपुर मंदिर की नयी कमेटी की वित्तीय शक्तियों पर लगायी रोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने जगन्नाथपुर मंदिर की नयी कमेटी की वित्तीय शक्तियों पर रोक लगा दी है। पुरानी कमेटी के पूर्व सचिव चंद्रकांत रायपत की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने यह आदेश दिया है। उनकी याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में 11 जनवरी को सुनवाई करेगा। अपनी याचिका में चंद्रकांत रायपत ने धार्मिक हिंदू न्यास कमेटी के द्वारा गठित नयी मंदिर कमेटी को अवैध बताया है। धार्मिक हिंदू न्यास कमेटी के द्वारा जुलाई 2021 में भारत सदस्य नयी कमेटी का गठन किया गया था। इसके लिए पूर्व की कमेटी को भंग कर दिया गया था। इसके बाद पुरानी कमेटी के पूर्व सचिव चंद्रकांत रायपत ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने कहा कि पुरानी कमेटी को भंग नहीं किया जा सकता है। उसे सिर्फ अवक्रमित किया जा सकता है। वहीं उन्होंने न्यास समिति के प्रशासक के आदेश पर भी सवाल उठाये हैं।

### राज्यसभा में सांसद आदित्य साहू ने कहा

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आर्थिक स्थिति पर राज्यसभा में गुरुवार को चर्चा की गयी। इसमें सांसद आदित्य साहू ने भी विचार रखे। कहा कि 2014 की शुरुआत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर काम किया है। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है।

कहा कि विश्व में लगभग हर जगह एक बड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन इस विपरीत परिस्थितियों में भी देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत थी, जो कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था थी। आज भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में ब्राइट स्पॉट कहा जा रहा है। सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण ही बैंकिंग क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है। हमने बैंकिंग क्षेत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप को पेशेवर अखंडता और स्वतंत्रता से बदल दिया है। भारत आज देश में निर्मित लगभग दो लाख करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात कर रहा है। गूगल भारत में पिक्सल 8 स्मार्टफोन का निर्माण करेगा। भारत में निर्मित पहला पिक्सेल फोन 2024 में उपलब्ध होगा। कहा कि सरकार द्वारा महामारी कोविड की अवधि के दौरान 800 मिलियन भारतीयों को मुफ्त भोजन दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# अर्जुन मुंडा बने देश के नये कृषि मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभाओं के लिए चुने जाने के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद से तीन केंद्रीय मंत्रियों, नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और रेणुका सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति भवन की विज्ञप्ति के अनुसार अर्जुन मुंडा को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है। पहले नरेंद्र सिंह तोमर पर यह मंत्रालय था। इनके अलावा, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को प्रह्लाद सिंह पटेल के स्थान पर उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री का प्रभार दिया गया है। आइटी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर को उनके मौजूदा विभागों के अलावा, जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री का प्रभार सौंपा गया है। इस मंत्रालय का नेतृत्व भी प्रह्लाद सिंह पटेल ही करते थे। वहीं राज्य मंत्री डॉक्टर भारती प्रवीण पवार को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री का प्रभार दिया गया है। वह रेणुका सिंह सिंह की जगह लेंगी। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद सिंह पटेल समेत भाजपा के 10 सांसदों ने बुधवार को इस्तीफा दिया था। इनमें किरोणीलाल मीणा राज्यसभा के सदस्य थे। ये सभी सांसद हालिया विधानसभा चुनाव में विधायक निर्वाचित हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सदन को बताया कि राजस्थान प्रदेश के जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन राठौड़, राजसमंद से दीया कुमारी, मध्य प्रदेश के मुरैना से नरेन्द्र सिंह तोमर, दमोह से प्रह्लाद पटेल, जबलपुर से राकेश सिंह, सीधी से रीति पाठक, होशंगाबाद से उदय प्रताप सिंह तथा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से गोमती साय और बिलासपुर से सांसद अरुण साव ने इस्तीफा दिया है।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्थान के बाबा बालकनाथ ने बृहस्पतिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों ने अपने-अपने राज्यों की विधानसभा का सदस्य चुने जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता छोड़ दी है। तोमर, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और शिवराज सिंह चौहान को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के संभावित विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। चौहान की तरह पटेल भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण कुमार साव, विपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक और पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी को राजनीति पर नजर रखने वाले लोग इस शीर्ष पद के दावेदारों के रूप में देख रहे हैं। हालांकि भाजपा सूत्रों की ओर से ऐसी ही बात केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सरूता को लेकर कही जा रहा है। रेणुका सिंह ने भरतपुर-सोनहट सीट से चुनाव जीता है। वह जनजातीय समाज से आती हैं और महिला हैं। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद अब तक इस राज्य में कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं हुआ है। भाजपा शासित किसी भी राज्य में कोई महिला फिलहाल मुख्यमंत्री नहीं है।

संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद तीनों केंद्रीय मंत्रियों ने प्रक्रियागत औपचारिकता के तहत केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया था। तोमर केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य थे और कृषि विभाग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय को संभाल रहे थे। पटेल और रेणुका सिंह राज्य मंत्री थीं। केंद्रीय मंत्रिपरिषद से उनके संभावित इस्तीफे की स्थिति में एक नई चर्चा शुरू हो गई थी कि क्या मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपनी मंत्रिपरिषद में नए सदस्यों को शामिल करेंगे। हालांकि उन्होंने पहले से ही मौजूद चेहरों को और जिम्मेदारियां दी हैं।

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी को दी गयी श्रद्धांजलि



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके दुर्गा स्थान में राजस्थान के जयपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय राजपूत करणी करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी के शहीद होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में कांके ब्लॉक, कांके रोड एवं रांची के अन्य क्षेत्रों से लोग सम्मिलित हुए और अपना-अपना विचार भी रखें सब ने एक ही स्वर में कहा कि क्षत्रियों को एक साथ संगठित होकर के रहना चाहिए, जिससे समाज का संवर्धन हो सके। आज जो समाज की स्थिति है, उसमें सुधार की आवश्यकता है। जब हम एक साथ संगठित होकर रहेंगे, तभी इस प्रकार की घटना को रोका जा सकता है और यही सुखदेव सिंह गोगामेडी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस शोक सभा में मुख्य रूप से सम्मिलित हुए नागेश्वर सिंह के नेतृत्व में रमाकांत सिंह, शिवाजी सिंह, टीजीएन सिंह, एनके सिंह, ललन सिंह, राम सिंह आदि सम्मिलित हुए।

## दुकान में काम करनेवाला कर्मचारी पैसा और मोबाइल लेकर भागा, कोकर थाना में सनहा





**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर तिरिल के रहनेवाले राजू कुमार ने पैसा और मोबाइल लेकर भागने का आरोप अपनी दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों पर लगाया है। इस संबंध में राजू कुमार ने बुधवार को सदर थाना में सनहा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया है कि उनकी प्राउड मोबाइल वर्ल्ड की दुकान में जुडवा भाई पिंकू कुमार उर्फ विक्रम और टिंकू कुमार उर्फ आलोक उसकी मोबाइल दुकान में रिपेयर का काम किया करता था। दोनों दो दिसंबर को मेरी दुकान में रखा पैसा, मोबाइल और मोबाइल पार्ट्स लेकर भाग गये। महाजन को देने के लिए 7250 और दुकान में रखे 1000 हजार रुपये लेकर भाग गये। इतना ही नहीं बहन की शादी के नाम पर विक्रम ने 15 हजार रुपये एडवांस भी ले लिया था। इसके बाद दोनों भाइयों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। घरवालों से पूछने पर कोई सहयोग नहीं कर रहा है।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों की बरामदगी पर भाजपा हमलावर



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स की छापेमारी में भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनुमानित करीब 200 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त होने की सूचना मिली है। गिनती जारी है। इतनी अधिक मात्रा में नकद राशि जब्त होने पर झारखंड की मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पर्याय बताते हुए हमला बोला है। झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पोषक बताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के घर पर नोटों से भरी एक अलमारी को देख कर ऐसा लग रहा है कि यह किसी बैंक की तिजोरी है। इस स्थिति से यह आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि कांग्रेस केवल लूट और भ्रष्टाचार की गारंटी दे सकती है।

## हाइकोर्ट में लगा ब्लड डोनेशन कैंप



### रक्तदान से किसी को जिंदगी मिल सकती है: चीफ जस्टिस

### जस्टिस और महाधिवक्ता ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप लगा। ब्लड डोनेशन कैंप की शुरुआत हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत अन्य न्यायाधीशों ने की। इस मौके पर झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस ए सेन और जस्टिस आर मुखोपाध्याय समेत महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीआइजी अनूप बिरथरे सहित अन्य अधिवक्ताओं, हाइकोर्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। ब्लड डोनेशन कैंप में जमा किया जाने वाले रक्त थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को दिया जायेगा। मौके पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इसीलिए सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर के उद्घाटन के मौके पर हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी, हाइकोर्ट के न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कंचन बने नागपुरी भाषा विभाग के अध्यक्ष



**रांची। डोरंडा कॉलेज में सहायक प्राध्यापक कंचन मुंडा को नागपुरी भाषा विभाग का अध्यक्ष बनाया गया। पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ मुस्ताक अहमद के सेवानिवृत्त होने के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने श्री मुंडा को विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया।**

## पूर्व विधायक रानी डे का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हजारीबाग की पूर्व विधायक रानी डे का निधन हो गया है। डे वर्तमान में अपने रांची के मोरहाबादी, न्यू एरिया आवास में रह रही थीं। परिजनों ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से अस्वस्थ्य थीं। रांची के ही एक प्राइवेट अस्पताल में वे इलाज करा रही थीं। रानी डे जनता पार्टी के टिकट पर 1977 में हजारीबाग सदर की विधायक चुनी गयी थीं। उन्होंने इंदिरा गांधी के खिलाफ 1974 के आंदोलन में अहम रोल अदा किया था। वे जेपी की अगुवाई वाले आंदोलन का भी हिस्सा थीं। परिजनों ने बताया कि उन्होने 85 साल की आयु में अंतिम सांस ली।

**बोकारो के साड़म में होगा अंतिम संस्कार :** रानी डे मूल रूप से बोकारो के साड़म की निवासी थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को साड़म में ही किया जायेगा। दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट डैम पर उनका अंतिम संस्कार होगा। पिछले एक पखवाड़े से वे रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रही थी। अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। सांस की बीमारी के साथ उनको कई तरह की दूसरी बीमारियां भी थीं।

**भाजपा ने शोक व्यक्त किया:** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग की पूर्व विधायक रानी डे के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। कहा कि स्व रानी डे ने आपातकाल में कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। वे आपातकाल में जेल भी गयी। 1977 में वे जनता पार्टी से हजारीबाग की विधायक बनी। मरांडी ने स्व डे की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि भगवान उनकी आत्मा को चरणों में स्थान दें, तथा परिजन को धैर्य एवम साहस प्रदान करें।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने स्व डे की आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य शामिल हैं।

## सीएम और गवर्नर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज लगाया





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार (रि.) ने मुलाकात कर उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। देश के बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर कर्नल एसपी गुप्ता (रि.), विनोद कुमार सिंह लेखापाल, मुख्य सचिव, सैनिक कल्याण निदेशालय मौजूद थे। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कहा कि हम प्रतिज्ञा लेते हैं कि आजादी की कभी शाम नहीं होने देगें, शहीदों की कुर्बानी बदनाम नहीं होने देंगे, बची हो जो एक बूंद भी लहू की, तब तक भारत माता का आंचल नीलाम नहीं होने देंगे।

उधर सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राज भवन में भेंट कर उन्हें 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' का बैज लगाया। राज्यपाल ने देश के सभी वीर जवानों के शौर्य और बलिदान के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी तथा सशस्त्र झंडा दिवस कोष में अपना योगदान दिया।

### रेलमंत्री ने मेक इन इंडिया-उत्पादन और निर्यात विषय पर कहा

## विनिर्माण क्षेत्र में एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात की तैयारी

### खिलौनों का निर्यात 4,000 करोड़ रुपये के पार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को मेक इन इंडिया उत्पादन और निर्यात विषय पर रेलवे बोर्ड में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में 40-50 वर्षों तक विनिर्माण क्षेत्र में लगातार उतार-चढ़ाव रहा है, परंतु अब उस परिस्थितियों में पहुंच गये हैं कि अब एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात करने के लिए तैयार हैं। उसके पीछे विनिर्माण का बहुत ही बड़ा आधार है। कहा कि आज हमारा निर्यात 762 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है, जिसमें गुड्स का योगदान 453 बिलियन डॉलर का है। सर्विस का योगदान 309 बिलियन डॉलर का है।

रेल मंत्री ने कहा कि देश में फॉरमल इंपइयलमेंट पहले करीब-करीब 6 लाख महीने का होता था, वह आज 14 से 15 लाख पर आ गया है, जो साल भर में औसतन 1.80 करोड़ के आसपास होता है। आज से 10 से 15 साल पहले अधिकतम निर्यात पेट्रोलियम पदार्थ का होता था। पिछले साल मोबाइल फोन का निर्यात 11 बिलियन डॉलर था। इस साल मोबाइल फोन का विनिर्माण करीब-करीब 50 बिलियन डॉलर होने वाला है। निर्यात करीब 15 बिलियन डॉलर से अधिक का हो जायेगा। इसी तरह पहले खिलौनों का केवल आयात होता था, परंतु आज खिलौनों का निर्यात करने लगे हैं, जो 4,000 करोड़ के पार पहुंच गया है। पिछले साल निर्यात का डाटा अगर देखें, तो पेट्रोलियम का 97 बिलियन डॉलर, फार्मास्यूटिकल्स का 19 बिलियन डॉलर, टेलीकॉम उपकरण का 12 बिलियन डॉलर, विद्युत मशीनरी का 11 बिलियन डॉलर, एल्युमिनियम का आठ बिलियन डॉलर, मोटर वाहन का 8.7 बिलियन डॉलर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का चार बिलियन डॉलर और लोहा-इस्पात का 13 बिलियन डॉलर था। मंत्री ने कहा कि डीजीपी- जापान की बहुत अच्छी कंपनी है, जिसने घोषणा की है कि वह भारत में मोबाइल फोन की बैटरी का विनिर्माण करेगी। इसी तरह मोबाइल फोन की जो केसिंग होती है, उसका भी टाटा कंपनी निर्माण कर रही है।


### प्रदूषण बोर्ड ने एनजीटी को बताया

## साहिबगंज में अवैध खनन करनेवालों पर लगा 1 अरब से ज्यादा का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले के ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ पर संचालित अवैध खनन, क्रशर, परिवहन व भंडारण पर सम्पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए दाखिल याचिका पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने हलफनामा में ट्रिब्यूनल को बताया कि जिले के पत्थर कारोबारियों पर एक अरब छब्बीस लाख पचपन हजार चार सौ साठ रुपये का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें कुल 97 लाख 25 हजार 624 रुपये की वसूली हुई है। 120 पत्थर कारोबारियों ने जुमार्ना राशि में पुनर्विचार के लिए प्रदूषण बोर्ड में आवेदन दिया है और 11 पत्थर कारोबारियों ने झारखंड हाईकोर्ट में रिट दायर की है। प्रदूषण बोर्ड ने ट्रिब्यूनल को यह भी बताया कि अब तक 73 सीटोओ रद्द कर दिये गए हैं। अवैध कारोबार करने के मामले में 34 एफआईआर दर्ज करवाई गई है, और 558 वाहन जब्त किया गया है। इसके साथ ही डीसी कोर्ट ने 9 करोड़ 78 लाख जुर्माना वसूला है। 22 क्रशर सील और ध्वस्त किये गए हैं। प्रदूषण बोर्ड ने कोर्ट को यह भी बताया की सकरगली, महादेवगंज, डेम्बा और मिर्जा चौकी में सीएए क्यूएमएस बोर्ड लगाये गये हैं जिले के डीसी को पर्यावरण बहाली के लिए 6 करोड़ रुपये मुहैया करा दिया गया है। प्रदूषण बोर्ड के हलफनामा पर असंतुष्टि जताते हुए ट्रिब्यूनल ने प्रदुषण बोर्ड के सदस्य सचिव सचिव को आदेश दिया कि चार सप्ताह के भीतर नया हलफनामा दाखिल करे जिसमें बताये की किन किन पत्थर कारोबारियों पर कितना कितना पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाया गया है व किन किन लोगों ने कितना कितना पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना राशि जमा किया है। इस संबंध में सैयद अरशद नासिर ने एनजीटी इस्टर्न जोन कोलकाता में याचिका दाखिल की है। जिसपर बी अमित स्थालेकर और एक्सपर्ट मेंबर डॉ अरूण कुमार वर्मा ने सुनवाई की।

## पुलिसकर्मी ने ऑटो चालक को पीटा, लालपुर चौक जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लालपुर चौक में एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने ऑटो चालक की पिटाई कर दी। जिसमें ऑटो चालक के सिर में गहरी चोट आयी है और उसका सिर फट गया है। इस घटना से ऑटो चलाकों मे भारी आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित ऑटो चालकों ने शहर के लालपुर चौक को जाम कर दिया। वहीं मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी वहां से भाग गए. जिसके बाद घटना की सूचना मिलने पर लालपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने आक्रोशित ऑटो चालकों को शांत करने का प्रयास किया।

इस दौरान लालपुर चौक में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई जिससे रास्ते पर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। लालपुर जाने वाले रास्ते में लोगों को काफी देर जाम में फंसे रहना पड़ा। साथ ही साथ कई एंबुलेंस को भी परेशानी हुई। ऑटो चालकों ने इस घटना में शामिल पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना शाम करीब 8 बजे की है।

## नीतीश 21 जनवरी को रामगढ़ में

### झारखंड समेत पूरे देश में हो जातिगत गणना : अशोक चौधरी

### नीतीश जोहार के नाम से होगी विशाल जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड जदयू के प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 21 जनवरी को रामगढ़ जायेंगे। नीतीश जोहार के नाम से झारखंड में उनकी विशाल जनसभा होगी। श्री चौधरी गुरुवार को मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली सभा रामगढ़ में है। आनेवाले दिनों में कोशिश होगी कि सभी प्रमंडलों में उनकी सभा हो। सभा को सफल बनाने के लिए जदयू नेता मधुकर सिंह को को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। मधुकर सिंह प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में टीम बना कर काम करेंगे। कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में जातिगत गणना होनी चाहिए।

**झारखंड में पार्टी का वैभव लौटाने की कोशिश :** झारखंड जदयू प्रभारी ने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती से लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जदयू का पुराना वैभव लौटे, इसके लिए सभी लोग संकल्पित हैं। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा और दिल्ली से कलाकार आकर ग्रामीणों से नीतीश कुमार के साथ जुड़ने का अनुरोध करेंगे।

**पदाधिकारियों को सभा को सफल बनाने का निर्देश :** अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड में बड़ा तबका आदिवासियों और अति पिछड़ों का है, जो लंबे समय से असमानता की लड़ाई लड़ रहा है। इस मौके पर डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, डॉ विनय भरत, अख्तर हुसैन, अखिलेश राय, लालचंद, महेश्वर चौधरी, अनिल सिंह, जगदीश महतो, राजू महतो, प्रभुदयाल कुशवाहा सहित कई अन्य मौजूद थे।

## परेशानी : लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, चौक-चौराहों पर सन्नाटा

# चक्रवात से सब्जी, धान-मडुआ की फसलों को भारी नुकसान

### किसानों ने कहा : झारखंड सरकार अविलंब दे मुआवजा

**सड़क पर बहते नाली के पानी के कारण लोगों का पैदल चलना भी हुआ मुश्किल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिनों से मिचोंग चक्रवात के कारण लगातार हो रही बारिश ने मुसीबत खड़ी कर दी है। बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं वर्षा से खेतों में लगी मड़ुआ की फसल काली हो रही है। सब्जी की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ हैं। इसका असर आनेवाले दिनों में दिखेगा। सब्जी महंगी हो जाएंगी। खलियान में रखे धान खराब हो रहे हैं। सड़क पर बहते नाली के पानी के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लगातार बारिश से किसानों के खेतो में लगे टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, खीरा, बैंगन, फ्रेंचबीन, मिर्चा की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। बारिश ने किसानों की उम्मीद को बर्बाद कर दिया है। दूसरी ओर, प्रखंड के किसान बुद्धनाथ महतो, पवन महतो, ब्रजेश महतो, बलदेव महतो, विजय महतो, ईश्वर महतो, अशोक महतो, हरि महतो, दिनेश महतो, अशोक महतो, गोपाल महतो, श्याम महतो, नीरज कुजूर, पंकज कुजूर, सुका उरांव प्रकाश उरांव, जुब्बी उरांव, जेवियर तिर्की, सुलेमान तिर्की, मंगलू उरांव, जतरु उरांव, भीम, सुनील आदि किसानों का कहना है कि दो दिनों के वर्षा ने किसानों की कमर तोड़ दी। किसानों ने प्रखंड प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में वर्षा से हुए किसानों के फसलों के नुकसान का अविलंब मुआवजा दिया जाए।





बेड़ो के नगड़ी टोली में मड़ुआ के फसल को दिखाते किसान बुद्धनाथ महतो। चरिमा गांव में खलियान में रखे धान के फसल को प्लास्टीक से ढक कर बचाने का प्रयास।

## हड़बोड़ी आदिवासी सरना समाज की अनोखी परंपरा : सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के कुल्ली गांव के खेल मैदान में पारंपरिक वार्षिक हड़बोडी जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। उन्होंने जतरा का विधिवत उद्घाटन किया। 21 पडहा की अगुवाई में विभिन्न गांव से जतरा में खोरहाओं की टीम पहुंची। लोग मांदर-ढोल की थाप पर जमकर नाचे-गाए, जो देर रात तक चली। इस असर पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि हड़बोड़ी जतरा आदिवासियों की सांस्कृति का एक अहम हिस्सा है। समाज का अगर किसी व्यक्ति का निधन होता है तो उसके एक वर्ष बाद पारंपरिक रीति रिवाज के साथ क्रियाक्रम किया जाता है जिसे हरबोरी कहा जाता है। हड़बोड़ी कार्यक्रम कर मृतक की आत्मा की शांति का यह संस्कार पूरा किया जाता है। हमारे पुरखों से विरासत में मिली आदिवासी सांस्कृति की परंपरा अनोखी है। इसे संजोकर सुरक्षित रखना हम सभी आदिवासियों का कर्त्तव्य है। समारोह को 21 पड़हा राजा मदन लकड़ा, ग्राम प्रधान अजय लकड़ा, पूर्व मुखिया मंजित लकड़ा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। इसके पूर्व करीब चार बजे आखरा से काठ की हाथी के साथ नाचते गाते शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर गोयंदा उराव, विजय उरांव, जगदीश लकड़ा आदि शामिल हुए।



कुल्ली गांव में हड़बोडी जतरा का उद्घाटन करते भाजपा नेता सन्नी टोप्पो व अन्य।

### कब्र से शवों को बाहर निकाल किया अंतिम संस्कार

मृत व्यक्तियों के शव को कब्र से बाहर निकाला गया। इसके बाद रीतिरिवाज के साथ शवों का दाह संस्कार किया। इसके अलगे दिन अस्ति को चुनकर मिट्टी का (चुका ) कलश में लेकर घर पहुंचे। परिजनों द्वारा क्रियाक्रम का रश्म को पूरा किया गया। करीब एक बजे ढोल नगाड़ा बजाते हुए कलश को लेकर ग्रामीण स्थानीय जलाशय पहुंचे और कलश में रखे अस्थि को प्रवह कर दिया। इसके बाद स्नान ध्यान कर आखरा पहुंचे वहां नेग दस्तूर कर छुतका छोड़ा गया।

## फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** यूजीसी ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर में बुधवार को कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट के शिक्षकों के लिए फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची यूनिवर्सिटी एवं जेटीयू के पूर्व कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट में स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, प्लानिंग और उत्तर शिक्षण संस्थानों में इसके प्रयोग के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने शिक्षकों से विस्तार पूर्वक अपना अनुभव साझा किया। कहा कि बिजनेस या शैक्षणिक संस्थान ही नहीं व्यक्तिगत जीवन में भी स्ट्रैटेजिक प्लैनिंग एंड मैनेजमेंट का महत्वपूर्ण रोल है। अगर जीवन में सफलता चाहते हैं, चाहे वह एकेडमिक हो या बच्चों की पढ़ाई हो या संगठित रूप से परिवार का भरण-पोषण हो स्ट्रैटेजिक प्लैनिंग का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। कोई भी कार्य करने से पहले उसे भली-भांति समझ कर एवं शॉर्ट एनालिसिस कर अपने उद्देश्य का निर्धारण करना चाहिए। उसकी प्राप्ति को लेकर एक अच्छा स्ट्रैटेजिक प्लैनिंग करना होगा, तभी आप सही समय पर सफलता पाएंगे। आपका जीवन सफलता पूर्वक व्यतीत होगा और जो चीज आप चाहते हैं वह समय पर आपको प्राप्त होगी। कार्यक्रम में दर्जनों शिक्षक शामिल थे।



## नेशनल पीपुल्स पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नेशनल पीपुल्स पार्टी की ओर से गुरुवार को विभिन्न जिलों में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर विभिन्न जिलों के नेता सदस्यता लेकर प्रखंड स्तर पर जनता के रुके कार्य को समापन कराया। प्रदेश प्रवक्ता सुमन बड़ा ने कहा कि कहीं ना कहीं सरकारी प्रावधानों से शोषित उत्पीड़ित है। मंसूर लोहारा ने कहा कि जल्द ही जनता के बीच विश्वास के साथ कदमताल मिलकर काम करेंगे। लातेहार से आयी महिलाओं ने जिले की गतिविधि की जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंडों में अंचल अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण नहीं करने आते है। जिससे क्षेत्र में बिचौलिये हावी है। कहा कि जमीन विवाद के कारण अपराध घटित हो रहा है। पुलिस प्रशासन भी अनदेखी करती है जिसे बड़ी घटना होने की आशंका रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा भी समय पर नहीं आते है। जिस कारण मूलभूत दवा नहीं होने पर ऊंची दर पर दवा खरीदना पड़ता है। ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने के लिये कर्मचारी हजारों की मांग करते है। राजधानी रांची में शहरीकरण की तेजी में जाली दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद बिक्री किया जाता है। पुलिस प्रशासन बिना जांच किये प्राथमिकी दर्ज करती है। वहीं, अमर महतो ने कहा कि आज छोटानागपुर परगना अंतर्गत जिले के रिकॉर्ड रूम में खतियान फाड़े जा रहे है। उन्होंने कहा कि जल्द जिला का विस्तार कर प्रखंड अध्यक्ष -पंचायत के सूची प्रदेश पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। प्रत्येक सप्ताह जन समस्या के लिए बैठक रखी जायेगी। जल्द ही जिला अध्यक्ष प्रखंड की सूची जारी की जायेगी। ताकि जिम्मेदारी के साथ काम किया जा सके। समय-समय पर पदाधिकारी को पार्टी के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।




## मांडर प्रखंड अंजुमन का चुनाव संपन्न नुरुल्लाह हबीब नदवी सदर नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड अंजुमन का चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ। चुनाव कंजिया पंचायत भवन में हुआ। जिसमें कुल 22 प्रत्याशी हिस्सा थे। इसमें सदर पद के लिए सात, सेक्रेटरी पद के लिए छह, नायब सदर के लिए दो, नाएब सेक्रेटरी के लिए दो और खजांची के लिए पांच प्रत्याशी शामिल थे। इस चुनाव में सदर पद के लिए नुरुल्लाह हबीब नदवी, तो सेक्रेटरी पद के लिए अफरोज हुसैन ने बाजी मारी है। कंजिया पंचायत भवन में हुए मतदान के बाद मतों की गिनती में इन दोनों के अलावा नायब सदर पद के लिए माशूक अली, नायब सेक्रेटरी पद के लिए अमानत अंसारी और खजांची पद के लिए मोहम्मद एनामुल्लाह विजय हुए हैं। इस चुनाव में प्रखंड के कुल 80 अंजुमन से 822 वोटरों में से 776 वोटरों ने भाग लिया था। सदर पद के विजयी उम्मीदवार नुरुल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करेंगे। चुनाव परिणाम के बाद सभी उम्मीदवारों को सर्टिफिकेट दिया गया। गिनती पांच चरणों में हुई। चुनाव को संपन्न करने में चुनाव प्रभारी इरशाद इमाम, सईद अख्तर, हाजी अयूब खान आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही मांडर प्रशासन ने भी इस चुनाव में पूरा सहयोग किया। अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी को धन्यवाद दिया। मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का मौजूद थे। इस दौरान सीआई अनुज टेटे, रातु अंजुमन के सदर मोहम्मद अताउल्लाह अंसारी, बुड़मू अंजुमन के सदर शमीम बढ़ेहार और सेक्रेटरी तस्लीम अंसारी, उपप्रमुख अमानत अंसारी, जीपस प्रतिनिधि रबूल अंसारी, मुखिया प्रकाश खलखो और प्रेमचंद एक्का, नासिर अंसारी, आरिफ अंसारी, जाहिद अंसारी, शाहिद अंसारी आदि मौजूद थे।



## लापुंग में बेमौसम बारिश से फसल बर्बाद



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** मिचौंग चक्रवात के चलते लापुंग प्रखंड में विगत दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बारिश से किसानों के खेत में पड़े धान व खलिहान में दौनी में लिए रखे धान बर्बाद हो गया। किसान के धन में अंकुर पड़ने लगे। मडुआ की फसल भी बर्बाद हो रही है। फतेहपुर के किसान भुनेश्वर साहू का 40 हजार, बुधवा मुंडा का 25 हजार, टिंकू साहू का 30 हजार, हरखू साहू का 40 हजार का धान खलिहान में बारिश से नष्ट होने लगे हैं। मालगो हुलसु, फतेहपुर, ककरिया, महुगाव, दोलैचा, लालगंज के अलावे दर्जनों गांव में बारिश का कहर जारी है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान में गुरुवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तरह शिविर का आयोजन हुआ। खराब मौसम के बावजूद आवेदन जमा करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंदों तक पहुंचना है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, करमा उरांव, जेएमएम के मुन्ना बड़ाइक पंचायत की मुखिया सुशांति भगत ने ग्रामीणों को विकास योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। वहीं, विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदन को निष्पादित करते हुए लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र व परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर सभी विभाग के कर्मी पदाधिकारी उपस्थित थे।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों को प्रमाण पत्र देते हुए पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## खंडित प्रतिमा सहित विभिन्न मुद्दों पर 10 दिसंबर को बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** श्री महाबीर मंडली मुड़मा समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू की अध्यक्षता में गुरुवार को मुड़मा में खंडित मुर्तियों को लेकर बैठक हुई। इसे लेकर नगड़ी के सनातन धार्मिक संगठनों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में जागरूकता अभियान में शामिल उपाध्यक्ष दिनेश गोप ने बताया कि विगत 16 सितंबर को मांडर के मुड़मा गांव के चार मंदिर के मुर्तियों को तोड़ने के साथ ही हिंदू धर्म का मजाक उड़ाया गया। इसे लेकर रांची, मांडर, काके, हटिया विधानसभा क्षेत्र के 250 गांवों के सनातन धर्म लोगों के साथ बैठक कर 10 दिसंबर को 10 बजे मुड़मा मंदिर परिसर में वृहद बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया। इसमें मुर्तियों का निर्माण, मुर्तियों का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान, मंदिरों की सुरक्षा आदि को लेकर बैठक की जाएगी। इसमें शामिल होने को लेकर नगड़ी हिंदू संगठनों को आमंत्रण पत्र सौंपा गया है। मौके पर शंकर चौधरी, सुंदर केसरी, महावीर महतो, अरूण प्रमाणिक, दिनेश गोप, जितेंद्र साहू, धीरज ठाकुर, विनोद साहू आदि उपस्थित थे।

## कीचड़ भरी सड़क पर चलने को मजबूर हैं लोग

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बन रहे पेयजल नल जल योजना के निर्माण में लगे ठेकेदार की लापरवाही से गुमला रोड, बेड़ो के लोग कीचड़ भरी सड़क पर चलने को मजबूर हैं। यहां के लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो गया। कई दोपहिया वाहन चालक कीचड़ में फंसकर दुर्घटना के शिकार भी हो गए हैं। निर्माण के क्रम में रास्ते में पसरी मिट्टी को हटाया नहीं गया। जिससे मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गयी है। इस कारण पैदल चलना भी कठिन है। स्कूली बच्चों को आनेजाने में परेशानी हो रही है। जगरनाथ भगत ने कहा कि पेयजल आपूर्ति के जेई व निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को समस्या का समाधान करने को कहा गया है।

## बेड़ो में ऐतिहासिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा का भव्य समापन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक वार्षिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा का आयोजन बेड़ो लड्डू, अस्थिकलश का विसर्जन, शोभायात्रा व भगवान भोलेनाथ की परिक्रमा, आराधना व पहान द्वारा मंदिर के गुंबद पर चढ़कर नृत्य करने की सामाजिक सांस्कृतिक परंपरा के साथ महादानी मंदिर परिसर में बुधवार की देर रात संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में बेड़ो, तेतरटोली, टिकराटोली, गायत्री नगर,अम्बाटोली करंजटोली, जामटोली व बारीडीह गांव के ग्रामीणों ने दीपकलश, झंडा, ढोल, ढाक, मांदर व नगाड़ा के साथ एक शोभायात्रा निकाला। जो बेड़ो अखरा से शुरू होकर जामटोली रोड,गुमला रोड व लोहरदगा रोड होते हुए अपने-अपने खोड़हा के साथ परंपरागत नाच गान करते हुए महादानी मंदिर पहुंचा।

## महीनों से खराब है एक्वागार्ड और जरनेटर, प्रबंधन-जनप्रतिनिधि मौन

# सीएचसी में बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे मरीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। महीनों से जरनेटर खराब पड़ा है। बिजली कट जाने के बाद मरीजों को अंधेरे में रहना पड़ता है। यहां के शौचालय में पानी की समस्या बनी हुई, लेकिन ठीक करने की कोई पहल नहीं हो रही है। मरीज व उनके स्वजनों को चापाकल से पानी लाना पड़ता है। यह सब जानते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। जबकि इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों प्रखंड व जिला प्रशासन सहित अस्पताल प्रबंधन को भी दी गई है। मौजूदा हालात में अस्पताल के मरीज अपने घर व चापाकल से पानी लाकर हाथ धोने और अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। कहने को तो अस्पताल परिसर में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी है जिसके माध्यम से पानी चढ़ाने के लिए समरसेबुल सोलर पंप व टंकी लगाए गए हैं, लेकिन यह महज दिखावा बना हुआ है। पेयजल के लिए एक्वागार्ड भी लगा है, लेकिन वह भी खराब पड़ा है। शौचालय में पानी एवं बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जबकि इस अस्पताल को हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से हाल ही में दुरुस्त करवाया गया है लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है। केंद्र में अपने बच्चों के साथ इलाज कराने पहुंची महिलाएं पानी एवं अन्य समस्याओं से परेशान हैं। महिलाओं का कहना है कि बाथरूम में पानी व बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो कि जब से यह सीएचसी बना है तभी से पानी की समस्या हैं। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है। जबकि अस्पताल में हर दिन दर्जनों मरीजों, स्वजनों और कर्मियों को पानी की जरूरत है। अस्पताल परिसर में लगाए गए बोरिंग बेकार हो गए है। जिससे जलापूर्ति नहीं हो रही है। सर्वाधिक परेशानी इलाज के लिए बाहर से आए गर्भवती महिलाओं और उनके स्वजनों को उठाना पड़ता है। इस सीएचसी पर हजारों की आबादी निर्भर है। अस्पताल में हर दिन 150 से अधिक मरीज औसतन आते हैं। मरीजों के साथ उनके स्वजन आते हैं।



बेड़ो सीएचसी में खराब पड़ी एक्वागार्ड मशीन,।



सीएचसी में बदहाल शौचालय।

